Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 15-07-2022 | अंक 285

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# सांसद जयंत सिन्हा ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन

## अस्पताल में 50 बेड होंगे ऑक्सीजन युक्त : जयंत सिन्हा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

शुक्रवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन सांसद जयंत सिन्हा एवं पेटीएम के संस्थापक सह सीईओ विजय शेखर शर्मा ने ऑनलाइन नारियल तोड़कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा की कोरोना महामारी के दौरान बरही अनुमंडलीय अस्पताल में ऑक्सीजन की किल्लत जूझ रहे थे। जिससे सैकड़ों रोगियों को रेफर करने के लिए अस्पताल प्रबंधन बाध्य हुई थी। जिसको देखते हुए अस्पताल में अ०क्सीजन प्लांट स्थापित किया गया था। इस अ०क्सीजन प्लांट की स्थापना पेटीएम कम्पनी ने 90 लाख रुपए की मदद की है। जिसका निर्माण कार्य जयपुर की कंपनी केन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने की है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की देश के अलग अलग जगहों में 40 अन्य ऑक्सीजन प्लांट पेटीएम के द्वारा स्थापित किया गया है। और अगर भविष्य में इस प्रकार की संकट पुनः आती है तो हम उससे लड़ने के लिए सक्षम है। अंत में उन्होंने पेटीएम का सराहना करते हुए कहा की कोरोना महामारी से जब पूरा देश लड़ रहा था तब पेटीएम ने 10 लाख मास्क गरीबों में बाटने के लिए दान दिया था। वहीं मौके पर मौजूद जिला के जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने विजैया के उपस्वास्थ्य केंद्र के दयनीय स्थिति से अवगत कराया उन्होंने कहा की जिसका जीर्णोधार होना बहुत ही जरूरी है। अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस प्रकाश ज्ञानी ने कहा की बरही अनुमंडलीय अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लगने से बरहीवासियों के लिए बहुत ही खुशी की बात है। अब यहां के लोगो को आसानी से ऑक्सीजन उपलब्ध कराया जा सकेगा। वहीं कोविड 19 में बेहतर कार्य करने वाले अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, बीपीएम नारायण राम, लिपिक पंकज कुमार, विनय कुमार, बिजेंद्र कुमार, लैब टेक्नीशियन प्रह्लाद कुमार, एएएम बबीता कुमारी एवं ममता कुमारी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सांसद जयंत सिन्हा, सीएस डॉ एस पी सिंह, हजारीबाग जिला के जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर, अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, भाजपा के जीप उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही पश्चिमी के जीप सदस्या प्रीती कुमारी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, राजेंद्र चंद्रवंशी, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, अंबिका सिंह, संजीव कतरियार, मुकुंद साव, मनोज उपाध्याय, बीपीएम नारायण राम, मोती लाल चौधरी, संतोष निषाद सहित अस्पताल के दर्जनों अस्पताल कर्मी सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।



उद्घाटन करते सांसद जयंत सिन्हा वा अन्य



ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण करते हुए



अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जेएसवी इंटरप्राइजेज विस्तारीकरण को लेकर पर्यावरण लोक सुनवाई का आयोजन

## विस्तारीकरण से 217 लोगों को मिलेगा रोजगार, विकास कार्य को मिलेगा बढ़ावा, लोक सुनवाई में दी गई मंजूरी,

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



लोक सुनवाई को संबोधित करतीं एसडीओ पूनम कुजूर



लोक सुनवाई में शामिल ग्रामीण

झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रांची की ओर से बरही औद्योगिक प्रक्षेत्र में संच. ालित जेएसवी इंटरप्राइजेज प्लॉट संख्या 48 के विस्. तारीकरण को लेकर कोनरा तुरी टोला में समारोह पूर्वक पर्यावरण लोक सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ पूनम कुजूर एवं संचालन एमएबी के अध्यक्ष पीके गर्ग एवं प्रीतम सिंह ने किया। झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के रीजनल अ०फिसर अशोक कुमार यादव एवं आशुतोष कुमार लोक सुनवाई के लिए मौजूद रहे। सभी अतिथियों को राजीव अग्रवाल एवं पीके गर्ग के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया । आरओ अशोक कुमार यादव ने जेएसवी इंटरप्राइजेज के विस्. तारीकरण से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि जेएसवी इंटरप्राइजेज की उत्पादन क्षमता फिलहाल 24600 मीट्रिक टन प्रति वर्ष है। जबकि विस्. तारीकरण के बाद 118800 मीट्रिक टन प्रति वर्ष उत्पादन क्षमता हो जाएगा। वही मौजूदा स्लैग क्रशर की क्षमता को भी 4800 टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 30000 टन प्रति वर्ष किया जाएगा। इसलिए विस्तारीकरण को लेकर लोक सुनवाई कर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से स्वीकृति लेनी अनिवार्य होती है। जिसके लिए लोक सुनवाई की जा रही है। मौके पर जेएसवी इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर राजीव अग्रवाल एवं प्रोजेक्ट मै. नेजर दुष्यंत कुमार ने विस्. तारीकरण परियोजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रोजेक्ट से उत्पादन क्षमता में काफी वृद्धि होगी। लिहाजा रोजगार का भी सृजन होगा। इस प्रोजेक्ट को चालू होने से 217 लोगों को रोजगार मिल पायेगा। साथ ही परिवहन यात्रा, पैकेजिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार ,ऑटोमोबाइल कुरियर क्षेत्र आदि के क्षेत्र में प्रस्तावित विस्तार के कारण अप्रत्यक्ष रोजगार की भी संभावना बढ़ेगी। जल, वायु प्रदुषण के नियंत्रण के लिए जरूरी हर संभव प्रयास किया जाएगा । .मौके पर ग्रामीणों ने स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग रखी। जिसे जेएसवी के द्वारा सहमति जताई गई। साथ ही उनके द्वारा व्यवसायिक स्वास्थ्य के उपाय, हरित पट्टी के विकास, पर्यावरण निगरानी कार्यक्रम, पर्यावरण प्रबंधन योजना से संबंधित कार्य किए जाने की बात कही गयी। एसडीओ पूनम कुजूर ने कहा कि रियाडा में स्थानीय लोगों को रोजगार मिले। इसके लिए आपसी समन्वय जरूरी है। मौके पर सर्व सम्मति से जेएसवी इंटरप्राइजेज के विस्. तारीकरण प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। जिसके बाद झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा भी मौके पर ही विस्तारीकरण की स्वीकृति देने की बात कही गयी। मौके पर राजीव अग्रवाल, पवन कुमार गर्ग, रवि गरोडिया, एसके तिवारी, प्रीतम सिंह, बलजीत सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन, चेतलाल तुरी, दिनेश तुरी, बहादुर तुरी, मो सद्दाम, विशाल कुमार, महेंद्र कुमार, चांदो देवी, सारो देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# जीवन हेल्थ केयर सेंटर का पूर्व विधायक एवं निरिया देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



उद्घाटन करते पूर्व विधायक मनोज कु यादव एवं नीरिया देवी



पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व अन्य

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लस्करी मोड़ में शुक्रवार दोपहर 3 बजे जीवन हेल्थ केयर सेंटर का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं जीवन हेल्थ केयर सेंटर के संचालक की मां निरिया देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कर उद्घाटन किया। इस हेल्थ केयर सेंटर में अपेंडिक्स, बच्चेदानी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, पत्थरी, नॉर्मल डिलीवरी, सिजेरियन एवं फ्रैक्चर हड्डियों का प्लास्टर भी किया जायेगा। इस हेल्थ केयर सेंटर के ऑक्सीजन, नेपुलाइजर, कंप्यूटराइज लैब, इलेक्टो कार्डियो ग्राफी, एक्स - रे एवं एंबुलेंस का सुविधा उपलब्ध होगा। इस सेंटर में अपनी सेवा देने वाले डॉक्टरों में डॉ राहुल कुमार (एमबीबीएस) जनरल फिजिशियन एंड सर्जन( रिम्स रांची) डॉ पी. सी. राणा (न्यूरोथैरेपी) डॉ एम. एम. खान (एमबीबीएस) डॉ आर. मित्रा एमबीबीएस जनरल फिजिशियन (कोलकाता) शामिल है। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की इस हेल्थ केयर सेंटर के खुलने से आस पास के गावों को इसका अवश्य लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा की अगर रात की समय में कोई बीमार पड़ जाता था तो वैसी स्थिति में उन्हें बरही लेकर जाना मुश्किल होता था। लेकिन इस सेंटर के खुलने से आस पास के गांव के लोग आ. सानी से अपना इलाज करवा सकते है। मौके पर जिला के जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, समाजसेवी तापेश्वर प्रसाद सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, कुंती देवी, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, डॉ उमेश कुमार अमित साहू, गणेश यादव, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, मुखिया गोविंद प्रसाद, सुनील साहू, सुनील साहू, बीरेंद्र रजक, गुलाब कुमार, आलोक कुमार, बीरेंद्र रजक, मुन्ना यादव, हरी यादव, तौकीर रजा, संतोष रविदास, मो तस्लीम सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बरही प्रखंड में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप का आयोजन, विजेता टीम को पुरुस्कार देकर किया गया सम्मानित



खेल का आनंद लेते बरही सीओ व अन्य



खिलाड़ियों के साथ बरही सीओ व अन्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

खेल विभाग की और से बरही प्रखंड में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बरही सीओ अर. विंद देवाशीष टोप्पो ने फुटबॉल को किक मारकर किया। इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने भाग लिया जिसमे प्लस टू उच्च विद्यालय बरही, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही, कस्तूरबा उच्च विद्यालय बरही, परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय गौरियाकरमा, उच्च विद्यालय करियातपुर एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर शामिल है। प्रत्येक मैच 20- 20 मिनट का खेला गया। उद्घाटन का पहला मैच कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय बरसोत एवं परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही के बीच खेला गया। वहीं प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिव कुमार ने फुटबॉल के फायदे को बताते हुए कहा की फुटब०ल खेलने के दौरान किक, ट्विस्ट, टर्न, स्प्रिंट जैसे मूवमेंट की वजह से पूरे शरीर का वर्कआउट होता है। इसे खेलने से एरोबिक क्षमता बढ़ती है और बच्चों के विकास के लिए ये खेल बेहद फायदेमंद है। रिसर्च के अनुसार महिलाएं फुटब०ल खेलते वक्त उत्साह महसूस करती है, जो उन्हें सक. ारात्मक बनाती है। बालिका में विजेता टीम कस्तूरबा गांधी विद्यालय बरही एवं युवा टीम में विजेता टीम उच्च विद्यालय खोड़ाहर को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीएसए संरक्षक अब्दुल मन्नान वारसी, प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिव कुमार, डॉ सुनील द्वेदी, दिलीप कुमार, योगेंद्र कुमार, राम कुमार एवं बीएसए टीम के प्रशिक्षक संतोष कुमार मौजूद थे।

## सिंचाई के अभाव में सैकड़ों एकड़ जमीन परती, किसान चिंतित

### लसकरी में दी जाए लिफ्ट इरिगेशन की व्यवस्था : मो तस्लीम





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लसकरी में सिंचाई की सुविधा नहीं होने के कारण सैकड़ों एकड़ जमीन परती रह गई है। खेतों को परती देख किसान चिंतित है। विदित हो की लसकरी नदी के किनारे बसा है। जिसमे बारह महीना पानी रहता है। उसके बाद भी खेत में सिंचाई के लिए यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिए। जिसके कारण इस गांव के किसान खेती के लिए बरसात के पानी पर आश्रित होते है। अगर बारिश हुई तो खेती होगी और बारिश नही हुई तो खेत परती रहता है। और बारिश के पानी से सिर्फ धान की खेती हो पाती है, अन्य फसलों की नही हो पाती। वहीं रसोईया धमना पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी मो तस्लीम ने बताया की सिंचाई की सुविधा के लिए बरही प्रखंड में सैकड़ों चेकडैम और तालाब का निर्माण करोड़ों रुपए की राशि खर्च कर किए गए है। लेकिन दोनों महज दिखावे की वस्तु बनकर रह गई है। वहीं उन्होंने सांसद, विधायक एवं बरही के अधिकारियों से आग्रह किया की लस्करी में भी लिफ्ट इरिगेशन की व्यवस्था किया जाए। जिससे यहां के किसान को खेती के लिए बरसात के पानी पर आश्रित नहीं रहना पड़े।

## झारखंड में मॉनसून की बेरुखी ने बढ़ाई किसानों की परेशानी, धान उत्पादन को लेकर चिंतित हैं अन्नदाता

### सूबे को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करे सरकार : संजय यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



संजय यादव

झारखंड में इस बार अब तक अच्छी बारिश नहीं हुई है इसके कारण किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। धान की नर्सरी तैयार हो रही है तो कही नर्सरी तक नही किए हैं पर अभी तक कुएं और तालाब सूखे हुए हैं। वहीं एक प्रगतिशील किसान का मानना है कि अगर मध्य जुलाई के बाद बारिश नहीं होती है तब किसानों की चिंता और बढ़ेगी .खरीफ का सीजन धान रोपने का समय पर बारिश की कमी, झारखंड के किसानों की फिलहाल यही कहानी है। हर रोज किसान खेतों में जाते हैं, खेत में लगाए बिचड़े को देखते हैं और फिर आसमान की तरफ देख कर कहते हैं कि इस बार पता नहीं क्या होगा। दरअसल जुलाई महीना शुरू होने के बाद भी अभी तक खेत और तालाब सूखे हुए हैं। इसके कारण किसानों के मन में अनिशि. चंतता का भाव आ रहा है उन्हें डर सताने लगा है कि पता नहीं इस बार क्या होगा। इस डर और उम्मीद के बीच किसान हल्की बारिश होने के बाद खेत तैयार कर रहे हैं और बिचड़ा के लिए धान की बुवाई कर रहे हैं। किसानों को इस बात का डर सता रहा है कि इतनी पूंजी लगाकर वो धान खरीद रहे हैं। खेत की जुताई में पैसे खर्च कर रहे हैं और अगर ऐसे में बारिश नहीं होती है तो किसानों को भारी नुकसान हो जाएगा क्योंकि अब सभी किसान हर साल धान उगाते हैं। और उसे साल भर खाने के लिए रखते हैं और बाकी बचे धान को बेच देते हैं। क्योंकि उन्हें उम्मीद रहती है कि अगले साल बारिश होगी और धान का उत्पादन होगा. पर बारिश में हो रही देरी के कारण किसान थोड़े चिंतित जरूर नजर आ रहे हैं।

## 18 जुलाई को बरही प्रखण्ड के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भाजपा करेगी सम्मानित

### पूर्व विधायक के आवास पर भाजपा के बैठक में हुआ निर्णय, कार्यक्रम सफल बनाने में जुटे भाजपाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक को संबोधित करते मनोज यादव

पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के बरही स्थित आवास पर भाजपा की बैठक हुई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित साहू एवम संचालन मोतीलाल चौधरी ने किया। पूर्व मंत्री मनोज कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित पंचायत जनप्रति. निधियो को भाजपा के बैनर तले सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का आयोजन सोमवार 18 जुलाई को नगर भवन बरही में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान से उनका मनोबल बढेगा और दुगुने उत्साह से अपने जिम्मेवारियों का निर्वहन करेंगे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि कार्यक्रम सफल बनाने में भाजपा के सभी कार्यकर्ता अपनी महती भूमिका निभाएं। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, संजीव कटियारर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर वरिष्ठ भाजपा नेता अम्बिका सिंह, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, विजय यादव, राजेन्द्र कुशवाहा, नारायण यादव, प्रतिनिधि खीरु यादव, विशेश्वर यादव, भाजपा नेता अशोक यादव, राज. कुमार यादव, शिवनदन यादव, इंद्रदेव ठाकुर, ज्योतिष यादव, रितेश गुप्ता, युवा नेता मुन्ना यादव, सचिन यादव, पिन्टू यादव, शिक्षक केदार राणा, विजय राणा मिथलेश यादव, दिनेश यादव, गुलाब रविदास






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## विभाग कि मिलीभगत या संवेदक की मनमानी, गार्डवाल अनियमितता पर उठा सवाल

### तस्वीर से मामला हुवा उगाजर, जनप्रतिनिधियों ने उठाया सवाल






**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

राज्य संपोषित योजना के तहत भगहर पंचायत के भंडार में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से भनं रहे सड़क व गार्डवाल निर्माण मामले में अनियमितता का मामला उजागर होने के बाद कई सवाल उठ रहा है। वाइरल तस्वीर में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि जंगल के मरा पत्थरों का उपयोग कर गार्डवाल बनाया जा रहा है व शिकायत के बाद मामले पर लीपापोती करने के लिए तुरंत गार्डवाल का ढलाई कर दिया जाता है। जंगल खनिज संपदा का उत्खनन व मरे हुए पत्थरो का उपयोग होना कही न कही विभाग की मिलीभगत व संवेदक की मनमानी को उजागर करता है। सवाल उठना लाजमी है इतनी बड़ी योजना का कार्य धरातल पर उतारा जा रहा है और सबधित जेई व उच्चाधिकार स्थल निरीक्षण करते है या नही अगर करते है तो फिर पत्थर की क्वालिटी का जाँच क्यों नही किया गया। मामला संज्ञान में आने के बाद जनप्रतिनिधि भी विभाग पर उठा रहे है सवाल। स्थानीय मुखिया कृ ष्णा रविदास ने कहा गार्डवाल निर्माण में भारी अनियमितता बरता जा रहा है संवेदक व स्थानीय पे. टिदार पर कार्यवाई होना चाहिए। जिला परिषद सदस्य आरती कौशल ने भी जाँच का मांग करते हुए सरकारी राशि दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

**मामला संज्ञान में लिया हूँ, जांचोपरांत होगा कार्यवाई : कार्यपालक अभियंता**

सम्बंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता विजय पासवान ने कहा कि उक्त मामला आपके समाचार पत्र के माध्यम से मिला है। मामले को संज्ञान में लेकर जाँच का आदेश दिया हूँ। जांचोपरांत पर गड़बड़ी करने वाले संवेदक व अन्य सम्बधितो पर होगा कार्यवाई। शुरुवात में श्री विजय पासवान को वाइरल तस्विर असत्य लगा बाद में तस्वीर को सत्य पाया ।







## चलकुशा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर आरोग्य समिति का गठन को लेकर बैठक आयोजित हुई





**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा : प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर चलकुशा में जन आरोग्य समिति का गठन किया गया। जिसका अभियान निदेशक एनएचएम झारखंड के पत्रांक 848 एमडी दिनांक 24 मार्च 2022 के आलोक में जिला परिषद सदस्य सविता सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के साथ जन आरोग्य समिति के उद्देश्य पर विस्तार पूर्वक जानकारी से अवगत कराया गया।बैठक में जन आरोग्यसे समिति के संरचना पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।जन आरोग्य समिति की भूमिका पर चर्चा की गई एवं सर्वसम्मति से जन आरोग्य समिति का गठन एवं पदाधिकारीयों व सदस्यों का चयन किया गया।जिसमें अध्यक्ष सविता सिंह, उपाध्यक्ष डॉ निशांत बैक, सचिव डॉक्टर रजनीकांत, सदस्य ए वाई यू एस चिकित्सक डॉक्टर फिदा उल्लाह, ए एन एस सरोज, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर अनुश्री, सदस्य प्रधानाध्यापक मो0 नौसाद, सदस्य ए डब्लू सीजे ए एस अध्यक्ष सविता देवी, सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता मुन्ना यादव, अशोक चौधरी, विक्रम सिंह, वीरेंद्र हेंब्रम, सदस्य गांव का प्रधान आलोक सिंह, सदस्य सिविल सोसाइटी धीरेंद्र शर्मा, त्रिभुवन मोदी, सदस्य युवा प्रतिनिधि इजहार हुसैन, सदस्य वरिष्ठ नागरिक बासुदेव मंडल, सदस्य एचएमसी मांगो जेएसएस सचिव स्नेहा, सदस्य ए एन एम सरिका, सदस्य स्वास्थ्य सहिया सुलोचना देवी इन सभी लोगों को चयन किया गया।

## दिवंगत के परिजनों से मिले सांसद व विधायक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा स्थानीय पत्रकार सुनील कुमार की माता जी स्व मंदोदरी देवी के देहांत की सूचना मिलने के बाद केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री व सांसद अन्नपूर्णा देवी व विधायक अमित कुमार यादव मृतक के परिजनों से मिले व पत्रकार के बड़े भाई सुधीर प्रसाद व सुशील कुमार से जानकारी ली मौके पर सबो ने शोक संवेदना प्रकट किए ज्ञात हो 82 वर्षीय स्व मंदोदरी देवी कुछ महीनों से बीमार चल रही थी 13 जुलाई गुरु पूर्णिमा को हो गयी थी अंतिम संस्कार 14 जुलाई को किया गया वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है । मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव, सांसद प्रतिनिधि सुनील मेहता, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, रघुबीर महतो, दिलीप कुमार, भोला प्रसाद, महेश्वर प्रसाद समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

## गौ तस्करों के साथ मारपीट में चार आरोपी भेजे गए जेल

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

हजारीबाग के झुमरा बाजार से बैलों को खरीदकर ले जाने के क्रम में कथित पशु तस्करों के साथ मारपीट की गई। घटना विष्णुगढ़ के करोंज मोड़ के पास गुरुवार की रात हुई है। कथित पशु तस्करों में विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के सुअरमारा निवासी बिशुन महतो पिता स्व. नेमा महतो, डुमरी थानाक्षेत्र के भड़खर निवासी धनेश्वर महतो पिता गुरुचरण महतो तथा पेंक नारायणपुर थानाक्षेत्र के कडरुखुट्टा निवासी लखन कुमार महतो पिता तेजो महतो शामिल हैं। आरोप है कि मवेशियों के साथ देखते हीं स्थानीय युवकों द्वारा मारपीट की घटना का अंजाम दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर से बकसपुरा निवासी प्रकाश महतो पिता वासुदेव महतो, नवादा निवासी प्रकाश राणा पिता अर्जुन राणा, विष्णुगढ़ तेली मुहल्ला निवासी वरुण कुमार पिता सुरेंद्र ठाकुर तथा करोंज मोड़ निवासी सिकंदर कुमार पिता लोकनाथ साव को गिरफ्तार कर केस दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सभी आरोपी विहिप एवं बजरंग दल से जुड़े कार्यकर्ता हैं। इधर लोगों का कहना है कि पुलिस की यह कार्रवाई गलत है। विहिप एवं बजरंग दल के लोगों को सूचना मिली थी कि कुछ लोग पशुओं को तस्करी के उद्देश्य से ले जा रहे है। इसी सूचना पर उन लोगों को पशु तस्करों को रोककर पूछताछ की तो मौके पर पहुंची पुलिस ने उल्टे विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों में क्षोभ है।



दिनांक: 15-07-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## गिरिडीह : जिला स्तरीय उधमिता प्रोत्साहन सम्मेलन सम्पन्न






**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

आज गिरिडीह में स्वाबलंबी भारत अभियान के के तत्वाधान में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गिरिडीह में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सभी अतिथियों ने द्वीप प्रजवल्लन कर किया गया । अतिथियों को स्वदेशी जागरण मंच गिरिडीह की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोवा भावे विश्विद्यालय के प्रोफेसर डॉ एम के सिंह ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज के युवा कल के भविष्य है ,अतः युवायों को कौशल और कुशल दोनों बनना पड़ेगा । युवा वर्ग को जॉब मांगने वाला नही जॉब देने वाला बनना चाहिए ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि गिरिडीह के पूर्व विधायक श्री निर्भय कुमार शाहबादी ने कहा की इस देश के युवाओं में किसी चीज की कमी नहीं है अगर कमी है तो सिर्फ इच्छा शक्ति की युवा आगे आएं और स्व रोजगार की दिशा में आगे बढ़े ,उनका भविष्य सुनहरा है । मोंगिया ग्रुप के सी एम डी श्री गुणवंत सिंह मोंगिया ने कहा की युवाओं को कभी भी हतोत्साहित नही होना चाहिए क्योंकि स्व रोजगार की दिशा में शुरुआती दौर में कई समस्याएं आएगी लेकिन उन्ही समस्यायों को झेलते हुए जो आगे बढ़ते है वही सफलता प्राप्त करते है , सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक श्री विजय सिंह ने कहा की युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण के बाद रोजगार के कई द्वार खुल जाते है ,जहां से वे अपने नए कैरियर की शुरुआत कर सकते है। धनबाद विभाग संयोजक सह कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे श्री परमेश्वर मोदी ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच की विचारधारा और उधमिता प्रोत्साहन सम्मेलन को एकत्रित कर युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करेंगे ,और इस विचारधारा को प्रखंड स्तर तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम को आरएसएस के सह कार्यवाह मुकेश रंजन जी, सरिया के प्रसिद्ध उद्योगपति संतोष जैन, मोनिला जैन, जिला परिषद सदस्य श्री प्रवीण मुर्मू, सरस्वती विधा मंदिर के सचिव श्री डॉक्टर पवन कुमार मिश्रा ने संबो. धित किया । आज के कार्यक्रम में गिरिडीह जिला के ऐसे संगठन या व्यक्ति को प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया गया , जिनमे मोंगिया स्टील के निदेशक गुणवंत सिंह, कमला पति एंड कंपनी के मनीष तरवे, कविता मेडिकल के मुकेश आनंद, सुदर्शन स्वीट के संदीप दंगईच,कोयरीडीह देशी गौशाला के रीतलाल वर्मा, मुकेश मोदी बिरनी, चपुयाडीह बेंगाबाद)महिला समूह की प्रभावती हंसदा,कर्णपुरा महिला समूह बेंगाबाद,रेखा देवी डुमरी ,स्वेता हंसदा डुमरी को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक सह स्वा. बलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक श्री संतोष कुमार पाण्डेय ने किया । कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन स्वाबलंबी भारत अभियान के जिला सह समन्वयक श्री मोती लाल उपाध्याय ने किया । कार्यक्रम में गिरिडीह के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता सी कृष्णकांत जी, सुरेश शक्ति जी, विभाग महिला प्रमुख शालिनी वैश्कियार रूपम राय,जिला संघर्ष वाहिनी प्रमुख सूरज कुमार मोदी,पवन विशकर्मा, मुन्ना लाल उपाध्याय,नीतू शोला, पुष्पा शक्ति, रेखा देवी,मंजू देवी ,बबिता देवी, सहित स्वदेशी जागरण मंच कई कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता तथा सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सैकड़ों प्रशिक्षण ले रहे प्रतिभागी मौजूद थे।

## सशक्त लियाफी गिरिडीह इकाई ने मनाया काला दिवस, जमकर की नारेबाज़ी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह एलआइसी ऑफिस शाखा में एलआ. इसी अभिकर्ताओं के हितार्थ हमेशा साथ देने वाली और अभिकर्ताओं के हक और अधिकार की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ने वाली लियाफी संगठन के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर आज 15जुलाई 2022को सशक्त लियाफी गिरिडीह इकाई ने हजारीबाग मंडलीय उपाध्यक शत्रुधान मिश्रा की अगुआई में गिरिडीह एलआइसी अ०फिस शाखा में काला बिल्ला लगाकर काला दिवस मनाया और एलआ. इसी ऑफिस शाखा के प्रवेश द्वार पर आईआरडीए और एलआइसी प्रबंधन के खिलाफ़ जमकर नारेबाज़ी की। आईआरडीए होश में आओ, आईआरडीए की मनमानी नही चलेगी, आईआरडीए हाय हाय, एलआइसी प्रबंधन हाय हाय, बोनस रेट बढ़ाना होगा, लोन पर ब्याज दर कम करना होगा, अभि. कर्ताओं के लिए पीएफ पैंशन योजना लागू करना होगा, अभिकर्ताओं का शोषण करना बंद करो ,अभिकर्ता एकता जिंदाबाद, लियाफी के शीर्ष नेतृत्व जिंदाबाद नारे लगाए गए। आज काला दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडलीय उपाध्यक्ष शत्रुधन मिश्रा ने कहा कि लियाफी की चट्टानी एकता के आगे आईआरडीए और एलआइसी प्रबंधन को नतमस्तक होना होगा। हम मेहनतकश एलआइसी के अभिकर्ताओं का हक और अधिकार को देना होगा वरना हमारी संगठन लियाफी काला कानून के विरुद्ध चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी। सशक्त लियाफी गिरिडीह इकाई के अध्यक्ष दुलारचंद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि अभिकर्ता साथीयों ये लड़ाई सिर्फ एलआइसी अभिकर्ता का नही सभी बीमा कंपनी के अभिकर्तागण कर रहे हैं । ज्ञात हो कि एलआइसी मैन्युअल 1938 `मब 41 के अनुसार समय-समय पर संशोधित बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 41रू के अनुसार- 1. ष्कोई भी व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, किसी भी व्यक्ति को बीमा लेने या नवीनीकृत करने या जारी रखने के लिए एक प्रलोभन के रूप में अनुमति देने या अनुमति देने की पेशकश नहीं करेगा। भारत में जीवन या संपत्ति से संबंधित किसी भी तरह के जोखिम के लिए, देय कमीशन के पूरे या आंशिक हिस्से की कोई छूट या प०लिसी पर दिखाए गए प्रीमियम की कोई छूट, और न ही प०लिसी लेने या नवीनीकृत करने या जारी रखने वाला कोई भी व्यक्ति किसी भी छूट को स्वीकार नहीं करेगा। , ऐसी छूट को छोड़कर जो बीमाकर्ता के प्रकाशित विवरणिका या तालिकाओं के अनुसार अनुमत की जा सकती हैरू बशर्ते कि जीवन बीमा की पॉलिसी के संबंध में कमीशन के बीमा एजेंट द्वारा स्वयं के जीवन पर ली गई स्वीकृति को नहीं माना जाएगा इस उप-खंड के अर्थ के भीतर प्रीमियम की छूट की स्वीकृति हो, यदि ऐसी स्वीकृति के समय बीमा एजेंट निर्धारित शर्तों को पूरा करता है जो यह स्थापित करता है कि वह एक वास. तविक बीमा एजेंट है बीमाकर्ता द्वारा। 2. इस धारा के प्रावधानों का पालन करने में चूक करने वाला कोई भी व्यक्ति दंड के लिए उत्तरदायी होगा जो दस लाख रुपये तक हो सकता है। आज के इस कार्यक्रम को लियाफी गिरिडीह इकाई के कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार अग्रवाल, सह सचिव अजीत कुमार गुप्ता, पशुपतिनाथ पांडेय, जयप्रकाश मण्डल, सह सचिव ब्रजकिशोर गुप्ता, रामकृष्ण गुप्ता आदि ने संबोधित किया। आज के इस कार्यक्रम में शेखलाल वर्मा, दीपक कुमार वर्मा, टेकनारायण वर्मा, जगदीश कुमार, शिवकुमार सहित सैकडों एलआइसी अभिकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा झारखण्ड प्रदेश प्रवक्ता ओबीसी मोर्चा के आवासीय कार्यालय में बैठक संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




भारतीय जनता पार्टी प्रदेश पिछड़ी जाति मोर्चा द्वारा दिनांक 5,6 एवं 7 अगस्त 2022 को मधुबन गिरिडीह में होने वाले पिछड़ी जाति मोर्चा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की तैयारी हेतु आज सेवा. निवृत्त इंजीनियर विनय कुमार सिंह प्रदेश प्रवक्ता ओबीसी मोर्चा भाजपा के आवासीय कार्यालय बेड़ा गिरिडीह में प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें प्रदेश के कई जिलों से कई पदाधिकारी शिव प्रसाद साहू प्रदेश महामंत्री, मनोज गुप्ता प्रदेश मीडिया प्रभारी ,सुमित शर्मा प्रशिक्षण प्रभारी, रामजी कुशवाहा प्रशिक्षण प्रभारी, योगेश कुमार दांगी,विपिन कुमार प्रदेश कार्य समिति सदस्य,अजय शर्मा प्रशिक्षण संयोजक, प्रमोद मालकरणी, बलराम प्रदेश कार्य समिति सदस्य , सम्मिलित हुए । प्रदेश प्रवक्ता प्रोफेसर अर्जुन प्रसाद वर्मा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज शंघाई, संतोष गुप्ता, संत कुमार लल्लू, रघुनाथ यादव, संजू कुमारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी रविंद्र मंडल, जिला कमेटी के बबलू, रा. जेंद्र तर्वे जिला कोषाध्यक्ष, भाजपा जिला मंत्री नवीन सिन्हा, सीता राम पंडित मंडलअध्यक्ष, विश्वनाथ सोनकर लखन मंडल, बुधन शाह, आदि अनेकों लोग थे। उक्त बैठक में आहूत आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कार्यों का विधिवत बंटवारा करते हुए पूरे कार्यक्रम पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए बताया की उक्त अवधि में 15 सत्र चलेंगे उसके अलावा सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय गीत सहित अनेकों कार्यक्रम किया जाएगा । जिसमें पिछड़ी जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री, प्रदेश स्तर के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व मुख्यमंत्री सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, आदि अनेकों गणमान्य नेता भाग लेंगे । उक्त अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री श्री सुभाष चंद्र सिन्हा ने बताया गिरिडीह जिले के लिए गौरव की बात है की प्रदेश स्तर का प्रशिक्षण शिविर गिरिडीह जिले में तय हुआ है इसमें जिला कमेटी का भी सहयोग रहेगा। उक्त बैठक में विनय कुमार सिंह प्रदेश प्रवक्ता, प्रोफेसर अर्जुन प्रसाद वर्मा जिला परिषद उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य छोटे लाल यादव, प्रदेश महामंत्री शिव प्रसाद साहू सहित कई लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अनेकों सुझाव दिया ।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय शीतल टोला में बूस्टर डॉज के साथ किया टीकाकरण


**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



उत्कर्मित मध्य विद्यालय शीतल टोला गोरडीह में आज कोविड-19 का टीका करण किया गया जिसमें स्कूली बच्चों को भी टीका करण लगाया गया तथा तीसरा डोज बूस्टर डोज साथ में लगाया गयास लगभग 74 लोगो को टीकाकरण लगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शीतल टोला के मीना कुमारी ।छड के द्वारा टीका लगाया गया उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में पानी की असुविधा के कारण लोगों को काफी असुविधा हो रहा है तथा आने जाने के लिए रोड काफी जर्जर स्थिति में है जिसके कारण शीतल टोला के स्वास्थ्य केंद्र में रहने में असुविधा हो रही है वही उत्कर्मित मध्य विद्यालय के प्रबंधक समिति के उपाध्यक्ष संजना वर्मा, शिक्षक गण राजू पासवान, खूबलाल प्रसाद कुशवाहा, लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा तथा ग्रामीण में छात्रधारी प्रसाद वर्मा(वार्ड सदस्य) रमेश वर्मा, अनिल वर्मा , विशेश्वर पासवान तथा अन्य लोग शामिल थे









डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विष्णुगढ़ में पूर्व पंचायत समिति सदस्य की गोली मारकर हत्या

### घटनास्थल से पांच खोखा तथा एक जोड़ी चप्पल बरामद



गोपीचंद महतो



गोलीबारी के बाद घटनास्थल पर जुटी ग्रामीणों की भीड़

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ प्रखंड के गैड़ा पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह जनवितरण प्रणाली दुकानदार गोपीचंद प्रसाद महतो (43) पिता स्व. बबुनी महतो की शुक्रवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। वे चकचुको के रहने वाले थे। बताया जाता है कि वे अपने बच्चों के नामांकन के लिए जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र ऑनलाइन करवाकर विष्णुगढ़ से अपने घर बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान सबलाडीह मोड़ के तिहड़वा के पास पहले से घात लगाकर बैठे दो अपराधियों ने उनकी बाइक को रोककर फायरिंग शुरू कर दी। जब वे बाइक छोड़कर भागने लगे तो अपराधियों ने उन्हें दौड़ा कर गोली मार दी। इसके बाद अपराधी भागने में कामयाब रहे। सूचना पर पहुंची विष्णुगढ़ पुलिस को घटनास्थल से पांच खोखा तथा एक जोड़ी चप्पल बरामद की है। हत्या का शक इलाके में सक्रिय एनएसपीएम आपराधिक गिरोह पर जताया जा रहा है। जानकारी पाकर घटनास्थल पर आसपास गांवों के बड़ी संख्या में लोग जुटे। पत्नी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे गांव में शोक का माहौल है। बता दें कि इसके पूर्व कुछ दिन पहले खरना गांव में कुछ अज्ञात बंदूकधारी अपराधी हवाई फायरिंग कर फरार हो गए थे। उस समय से आसपास के गांव में दहशत का माहौल बना था। ग्रामीणों का कहना है कि वे बड़े मृदु व मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने कहा कि घटना के हरेक पहलुओं की जांच की जा रही है। अपराधी किसी हाल में नहीं बच पाएंगे। इधर, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सोना सोबरन योजना द्वारा लाभुकों के बीच धोती, साड़ी व लूंगी वितरित



**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत के डीलर प्रीतम के पीडीएस दुकान में सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत साड़ी, धोती और लुंगी लाभुक कार्डधारियों को 10-10 रुपये में दिया गया। जिला परिषद सदस्य सरयू पटेल व पंचायत के मुखिया मुनिया मांझी, पंचायत समिति सदस्य बिनोद सोरेन ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच साड़ी, धोती और लुंगी का वितरण किया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य सरयू पटेल ने कहा कि सरकार की तमाम लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के साथ पंचायत के विकास और पंचायत वासियों के बीच सामाजिक समरसता कायम करना उनका उद्देश्य है। मौके पर ग्रामीण समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ट्रैक्टर चोर को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंपा

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ के गोविंदपुर से ट्रैक्टर की चोरी कर ले जाते हुए चोर को ग्रामीणों ने रंगेहाथ पकड़ कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। आरोपी रामजीत महतो पिता सुखदेव महतो ग्राम पोचरी, थाना बगोदर जिला गिरिडीह का रहने वाला है। शुक्रवार को पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।




## कान्हाचट्टी प्रखण्ड के सभी पंचायतो में सोना सोबरन योजना द्वारा लाभुकों के बीच धोती, साड़ी व लूंगी का हो रहा है वितरण

### चारु के पेलतौल कला में समिति सदस्य ने लाभुकों के बीच किया वितरण

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : प्रखंड के सभी दस पंचायतो में सोना सोबरन के तहत धोती साड़ी एवं लुंगी का वितरण किया जा रहा है।यह योजना सरकार के गरीबो के लिए सबसे कल्याणकारी योजनाओं में शामिल है।प्रखण्ड के चार पंचायत के पेलतौल कला के मालती देवी डीलर के दुकान में शुक्रवार को पंचायत समिति सुबोध सिंह ने गरीबो के बीच धोती साड़ी और लुंगी का वितरण किया।मालती देवी सभी कार्डधारियों को 10-10 रुपये में धोती साड़ी दिया गया। जिला परिषद सदस्य सरयू पटेल व पंचायत के मुखिया मुनिया मांझी, पंचायत समिति सदस्य बिनोद सोरेन ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच साड़ी, धोती और लुंगी का वितरण किया। मौके पर उपस्थित कार्डधारियों के समिति सदस्य सुबोध ने कहा कि सरकार की तमाम लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के साथ पंचायत के विकास और पंचायत वासियों के बीच सामाजिक समरसता कायम करना उनका उद्देश्य है। मौके पर वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## पीटीजी के तहत बिरेखाप के बिरहोरों को मिला अनाज

### बिरहोर परिवारों तक अनाज पहुंचने के बाद बोरहोरो में खुशी की लहर

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : प्रखण्ड के बक बक्चुम्बा पंचायत के बिरहोर क०लोनी बिरेखाप मे लाभुकों के बीच शुक्रवार लो जुलाई महीने का डाकिया योजना के अंतर्गत प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी समीम अंसारी द्वारा अनाज एवं धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया गया।मौके पर अंसारी ने कहा कि झारखण्ड के सबसे आदिम जनजातियों मे सुमार बिरहोर परिवारों को जब मैं अनाज पहुंचता हूँ तो मुझे सकून मिलता है।मौके पर पंचायत के मुखिया पार्वती देवी एवं पंचायत समिति सदस्य श्रीमती मंजू देवी एवं जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ के अध्यक्ष श्री सुरेश यादव उपस्थित थे।

## आजसू नेता तिवारी महतो ने गोलीकांड पर जताया दुःख

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

गैड़ा पंचायत के पूर्व पंसस सह जनवितरण प्रणाली के विक्रेता गोपीचंद प्रसाद महतो की अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या की घटना पर मांडू के आजसू विस प्रभारी तिवारी महतो ने दुख जताया है। कहा है कि विष्णुगढ़ क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। आए दिन आपराधिक घटना हो रही है। कहा पुलिस प्रशासन जनता के साथ समन्वय स्थापित कर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करे अन्यथा आजसू पार्टी सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। उन्होंने संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को हरसंभव मदद करने की बात कही।

## प्रखण्ड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

### फुटबॉल खेल से शारीरिक और मानसिक क्षमता का होता है विकास : पवन चौधरी

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : फुटबॉल खेल से शारीरिक और मानसिक दोनो का विकास होता है।फुटब०ल से पूरे शरीर का कसरत होता है।ऊक्त बाते प्रखण्ड के बी के प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में प्रखण्ड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।श्री चौधरी ने किक मारकर फुटब०ल प्रतियोगिता का शुरुआत करवाया।उन्होंने बताया कि प्रखण्ड के कुल छः टीमें खेल में भाग लिया। उद्घाटन मैच झारखण्ड आवासिय बालिका विद्यालय एवं कोल्हैया उच्च विद्यालय के छात्राओं के बीच खेलाया गया,जिसमे कस्तूरबा बालिका विद्यालय के छात्राओ ने जीत दर्ज की।वहीं दूसरा मैच रामनगर उच्च विद्यालय कान्हाचट्टी एवं उच्च विद्यालय मनगड़ा के बीच खेला गया जिसमें मनगड़ा की टीम ने रामनगर को पेनाल्टी सूट में तीन गोल से पराजित किया।फाइनल मैच शनिवार को खेला जाएगा।मौके पर सन्दीप कुमार सिह उर्फ छोटु सिंह,सहित सभी विद्यालय के शिक्षक और बच्चे उपस्थित थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## समाजसेवी बंधु रविदास का निधन



अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो



गिरिडीह सदर प्रखंड के रानीडीह निवासी एवं समाजसेवी बंधु रविदास का लगभग 75 वर्ष की उम्र में आज प्रातः 9:00 बजे अपने घर पर निधन हो गया। वे लंबे अरसे से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर सुनकर रानीडीह समेत आसपास के इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पाकर भाकपा माले नेता राजेश यादव, स्थानीय मुखिया मोहन मंडल, जिला परिषद प्रतिनिधि अनवर अंसारी, समाजसेवी बजरंगी यादव, भाकपा माले के कोवाड़ लोकल कमेटी के सचिव मनोज यादव, पंचायत प्रभारी बा. लेश्वर यादव, समाजसेवी उमेश तुरी, लालजीत दास, मनोज तुरी समेत स्थानीय गणमान्य लोगों ने स्व0 रविदास के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने के उपरांत उन्होंने बंधु रविदास के निधन को समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया और कहा कि, वे बहुत ही मिलनसार और सामाजिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे तथा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लिया करते थे। हमें उनके जीवन से निश्चित ही प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर अन्य लोगों के अलावा ठाकुर दास, भुनेश्वर यादव, बासदेव रविदास, छोटे लाल यादव, अर्जुन सिंह, प्रयाग विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## भाकपा माले नेता कमरूदीन अंसारी ने सदस्यता अभियान चलाया

अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो



गिरिडीह सदर प्रखंड स्थित पिंडाटांड़ पंचायत के सुग्गासार गांव में भाकपा माले के सक्रिय कार्यकर्ता क०मरेड कमरूद्दीन अंसारी के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया साथ ही केंद्र सरकार के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए क०मरेड कमरूद्दीन अंसारी ने कहा कि अग्निपथ भर्ती योजना वापस लेने और देश की आज़ादी, संविधान, लोकतंत्र व भाईचारे के खिलाफ नफरत के खिलाफ सम्मान. जनक रोजगार के लिए देशव्यापी श्गांव यात्राश अभियान को सफल बनाने हेतू आज दिनांक 15 जुलाई 2022 को आरवाईए की बैठक गिरिडीह विधानसभा के पिंडाटांड़ पंचायत के सुगासार गाँव में धीरेंद्र कुमार राणा के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया ! गौरतलब हो कि आरवाईए का राष्ट्रीय सम्मेलन आगामी 10-11सितंबर को झारखंड के नीलांबर-पीताम्बर नगर, डाल्टेनगंज में होनी है। इसी क्रम में आरवाईए देशव्यापी श्गाँव यात्राश अभियान चला रहा है। इस श्गांव यात्राश अभियान के तहत पिंडाटांड़ पंचायत के युवा सदस्यों को आरवाईए से जोड़ा गया। मौके पर मुख्य रूप से आरवाईए के राज्य उपाध्यक्ष अखिलेश राज, जिला सचिव अशोक मिस्त्री, राज्य कमेटी सदस्य कमरुद्दीन अंसारी, समशेर अंसारी, दिल चंद दास, नारायण दास , मुस्तफा अंसारी ,बबलू अंसारी ,इंद्रदेव दास, रीतलाल दास ,समीर अंसारी, इदरीस अंसारी, आदि उपस्थित थे।

## अरारी मुखिया ने गिरिडीह सिविल सर्जन को लिखा पत्र सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र चालू करने की माग

अपेम लाइवः बिरनी
सब्बा अहमद



बिरनी प्रखंड में 2016-17 में बगोदर विधानसभा के विधायक विनोद कुमार सिंह द्वारा बिरनी प्रखंड के अंतर्गत अरारी पंचायत के ग्राम रूपीडीह मद सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र का अनुशास पर निर्माण किया गया था। पांच साल बीत जाने पर आज तक नहीं कोई उत्क चिकित्सालय में डॉक्टर की नियुक्ति नहीं किया गया है, और नहीं ये एन एम की नियुक्ति की गई है। जिसके कारण भवन भी क्षतिग्रस्त हो रहा है। वही नवनिर्वाचित मुखिया मुनिया देवी ने एक पत्र लिखकर गिरिडीह सिविल सर्जन को सोंपा है।पत्र में जिक्र किया है कि अगर सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र को चालू होने से लोगो को इलाज हो सके।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय कीर्तनियांडीह के प्रधानाध्यापक के मनमानी और गुंडागर्दी के खिलाफ़ फूटा लोगों का आक्रोश

अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो




गिरिडीह ज़िला के जमुआ प्रखंड अन्तर्गत बेरहाबाद पंचायत मे स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय किरतनियाडीह के प्रधानाध्यापक सह विद्यालय प्रबंधन समिति सचिव जयप्रकाश वर्मा के मनमानी और गुंडागर्दी के खिलाफ़ जिला शिक्षा अधीक्षक गिरिडीह कार्यालय में आवेदन दिया। आवेदन सौंपने गए ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि आवेदन के माध्यम से जिला शिक्षा अधीक्षक गिरिडीह को अवगत कराया गया है कि लगातार चार महीनों से विद्यालय में मध्यान भोजन बंद है, अध्ययनरत विद्यार्थियों को एमडीएम राशी वितरित नही की गई है। तरह तरह की शिकायतों को लेकर ग्रामीणों के बुलावे पर पहुंचे मिडिया कर्मियों के साथ प्रधानाध्यापक ने अज्ञात आठ से दस अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को बुलाकर बदतमीजी किया और जब मिडिया कर्मियों के समर्थन में ग्रामीणों को गोलबंद होते हुए देखा तो बाहर से आए लोगो को प्रधानाध्यापक ने भागने को बोला। साथ ही मिडिया कर्मी जो शिकायत की हकीकत जानने के लिए प्रधानाध्यापक से प्रश्न करने लगे तो जवाब न देकर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगा। मिडिया कर्मियों को प्रधानाध्यापक ने यह भी कहा कि आज तक यहां के ग्रामीण मेरा कुछ बिगाड़ ही नही पाए तो मिडिया वाले क्या बिगाड़ लोगे। देखा नही मेरे साथ कितने लोग हमेशा रहते हैं जिसको जब चाहूंगा उठवा देंगे। मेरा ऊपर तक पहुंच है जितना कोशिश करना है कर के देख लो। प्रधानाध्यापक के द्वारा बुलाए गए अज्ञात लोग दिन के ग्यारह बजे से शाम के तीन बजे तक विद्यालय में तांडव करते रहे। आवेदन के माध्यम से प्रधानाध्यापक पर विधि सम्मत कार्यवाही करते हुए इस विद्यालय से निलंबित करने का निवेदन किया है ताकि विद्यालय सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## प्रेस क्लब हजारीबाग दो दिनों में 21 उम्मीदवारों ने नामांकन किया दाखिल

अपेम लाइव : हजारीबाग




हजारीबाग प्रेस क्लब हजारीबाग चुनाव 2022 के लिए दो दिनों में 21 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। शहर के जैन धर्मशाला परिसर बड़ा बाजार में नामांकन दाखिल करने के दूसरे दिन काफी गहमागहमी रहा। सभी उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ दिनभर नामांकन के लिए पहुंचे। जैन धर्मशाला हजारीबाग में शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए उमेश प्रताप, भोलानाथ सिंह, सचिव पद के लिए मिथलेश मिश्रा, सुबोध मिश्रा, अमरकांत, उपाध्यक्ष पद के लिए उमेश राणा, अभय कुमार सिंह, अशोक नाग, संयुक्त सचिव पद के लिए नवीन कुमार, महेश कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष के लिए अमरनाथ पाठक, कार्यकारिणी सदस्य के लिए बबलू कुमार, निरंजन कुमार, प्रमोद खंडेलवाल, संदीप कुमार सिन्हा, मो शमीम अहमद, प्रमोद कुमार उपाध्याय ने नामांकन दाखिल किया। अभी तक कुल 21 उम्मीदवारों ने दो दिनों में नामांकन दाखिल किया है पहले दिन चार और दूसरे दिन 17 उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर चुके हैं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 16 जुलाई है। 17 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। 23 जुलाई को मतदान की तिथि निर्धारित है।

चुनाव संचालन समिति के वरिष्ठ पत्रकार अभिजीत सेन ने कहा कि हजारीबाग शहर और सभी प्रखंडों के पत्रकारों में चुनाव को लेकर काफी उत्साह है। मतदान में जिले भर के पत्रकार भाग लेंगे। वहीं चुनाव लड़ने के लिए 29 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदा है। संचालन समिति सलाउद्दीन ने कहा कि जिले में प्रेस क्लब का संगठन बनने से पत्रकारों के कल्याण के लिए काफी कार्य होंगे प्रो गजेंद्र सिंह ने कहा कि सबसे पहला चुनाव प्रेस क्लब का जब हुआ उस समय भी मैं इस दायित्व को निभाया था. इस बार युवा और वरिष्ठ सभी पत्रकारों में काफी समन्वय देखने को मिल रहा है। संचालन समिति के प्रकाश पांडेय ने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनावी प्रक्रिया चल रही है। इस बार सभी को अपने उम्मीदवार चुनने का मौका मिलनेवाला है. डॉ जफरूल्लाह सादिक ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में सभी पत्रकारों की भागीदारी बढ़-चढ़कर हो रही है। नामांकन दाखिल करने के समय पत्रकारों की उपस्थिति काफी अधिक दिख रही है।चुनाव को लेकर सभी लोग काफी उत्साहित हैं।

## गिरिडीह में ब्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद का शिष्टमंडल मिलेंगे मुख्यमंत्री से सौपेंगे ज्ञापन

अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो




गिरिडीह-आगामी 21 जुन को राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में गिरिडीह जिला से सभी पदाधिकारीगण भाग लेने रांची जायेंगे । बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा , संगठन मजबुती पर विचार विमर्श एवं आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन किया जाना है । उक्त बातें प्रदेश महासचिव गिरेन्द्र प्रसाद यादव ने शुक्रवार को परिसदन भवन में प्रेस क०न्फ्रेंस आयोजित कर दिया । श्री यादव ने बताया कि कोरोना महामारी के समय प्रतिपुर्ति राशि विधार्थियों को दिया जाना है जिसमें बहुत बड़ा गड़बड़ी करने का भी मामला क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों से लागातार मिल रहा है । अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष देवानंद हाजरा ने कहा कि जिला में ब्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर राष्ट्रीय जनता दल का एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने मिलकर एक ज्ञापन भी सौंपेंगे । इस बाबत जिलाध्यक्ष देवानंद हाजरा ने बताया कि सदस्यता अभियान के दौरान गांव गांव से जनता आवेदन देकर राशन वितरण में कालाबाजारी की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है । श्री हाजरा ने कहा कि गिरिडीह जिला के सभी प्रखंडों में डीलरों द्वारा राशन वितरण में भारी अनियमितता बरतने का मामला बराबर समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी प्राप्त हों रहा है । केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा प्रत्येक माह दो बार राशन वितरण करने का आदेश हुआ है । लेकिन डीलरों के द्वारा माह में एक ही बार राशन वितरण किया जाता है । जबकि लाभुकों से दोनों राशन वितरण का अंगुठा लगवा लेते हैं । डीलर लाभुकों को एक ही बार राशन देते हैं।इस तरह के कई भ्रष्टाचार के मामले हैं । मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामकिशुन यादव ,प्रखंड अध्यक्ष दशरथ यादव, प्रदिप पासवान , नवीन कुमार आदि उपस्थित थे ।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार